हिन्दुस्तान
1936
गुरुवार
9 फरवरी 2023, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO. 05, MIDDLE

'युवा बना सकते हैं देश को विश्वगुरु'

दीक्षांत समारोह

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को ट्रस्ट के महाविद्यालयों का 22वां दीक्षांत समारोह हुआ। इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट के बरेली स्थित सीईटी, सीईटीआर और उन्नाव स्थित सीईटी के बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए, पाठ्यक्रमों के, सत्र 2021-22 में उत्तीर्ण 310 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं।

एसआरएमएस के सभागार में विभिन्न संकायों में विशिष्ट अंक हासिल कर उत्तीर्ण होने वाले और खेल में ओवरआल प्रदर्शन करने वाले 27 विद्यार्थियों को विभिन्न पदक, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार से भी प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि नेशनल बोर्ड आफ एक्रिडिटेशन नई दिल्ली के पूर्व चेयरमैन शिक्षाविद प्रोफेसर (डॉ.) केके अग्रवाल ने देश को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के बाद आपका विशेष दौर आरंभ होगा। डॉ. अग्रवाल ने माइक्रोसाफ्ट द्वारा पहली बार बनाए गए विंडोज का जिक्र किया।

श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 310 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई।